# कल से शुरू होंगी यूटीयू की सेमेस्टर परीक्षाएं

## राज्य के 51 केंद्रों पर आयोजित होंगी परीक्षाएं, उड़नदस्ता टीम की रहेगी नजर

माई सिटी रिपोर्टर

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) की सेमेस्टर परीक्षाएं कल (सोमवार) से शुरू होंगी। विवि परिसर व उससे संबद्ध संस्थानों के इंजीनियरिंग, फार्मेसी, मैनेजमेंट, होटल मैनेजमेंट, विधि पाठ्यक्रम की सेमेस्टर और फॉर्म-डी की वार्षिक परीक्षाएं राज्य के 51 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होंगी।

इन परीक्षा केंद्रों पर फ्लाइंग स्क्वॉड (उड़न दस्ता) टीम की नजर रहेगी। इसके लिए विवि की ओर से एक-एक उड़न दस्ता टीम गठित की गई है। परीक्षा की तैयारियों के संबंध में शनिवार को विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने केंद्र अधीक्षक, संस्थान निदेशक और विवि की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षकों के साथ ऑनलाइन बैठक की। परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित की जाएंगी।

प्रो. ओंकार सिंह ने कहा, पारदर्शी तरीके से नकल विहीन परीक्षाएं आयोजित कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विवि की सेमेस्टर परीक्षाएं तीन रीजन कुमाऊं, देहरादून और रुड़की रीजन में बनाए गए 51 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होंगी। प्रत्येक जोन के लिए तीन सदस्यों वाली एक-एक उड़न दस्ता टीम गठित की गई है। यह टीम केंद्र पर औचक निरीक्षण करेगी। इसके अलावा परीक्षाओं से संबंधित जानकारी जैसे उत्तर पुस्तिकाएं, कक्ष निरीक्षकों, केंद्र अध्यक्ष आदि को परीक्षा अवधि में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दर्ज करना अनिवार्य किया गया है।

### 23 जून तक जमा किया जाएगा परीक्षा शुल्क

देहरादून। राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) के माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक के शिक्षार्थियों के परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 23 जून तय की गई है। परीक्षा अक्तूबर 2025 में होनी है। शिक्षार्थी परीक्षा शुल्क अपने डैशबोर्ड से या एनआईओएस की वेबसाइट www.nios.ac.in और sdmis.nios.ac.in पर जाकर भर सकते हैं। मा.सि.रि.